LIEUTENANT GOVERNOR
JAMMU & KASHMIR

RAJ BHAVAN
JAMMU-180001

No: PS/HLG/2020/344
Dated: 9th April, 2020

प्रिय सरपंच जी

सबसे पहले, कोविड (COVID-19) महामारी से लड़ने के सरकार के प्रयासों को आपके सहयोग और समर्थन के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। निःसंदेह एसी महामारी जिसका इलाज अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाया है उससे केवल समाज के सामूहिक प्रयासों से ही लड़ा जा सकता है । इसी बात को ध्यान में रखकर हमने आपके नेतृत्व में पंचायत कोविड (COVID-19) जागरूकता और निगरानी समितियों का गठन किया है। कोविड (COVID-19) के खिलाफ पूरी लड़ाई का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा इसकी रोकथाम है। लॉकडाउन इस दिशा में एक कदम था और इसमें कई अन्य उपाय किए जाने की आवश्यकता है जिनमें सामाजिक दूरीयाँ बनाना, मास्क पहनना, किसी भी सूरत में सभाऐं ना करना, अधिकतम संभव सीमा तक घर पर रहना, हाथ धोना और सामान्य स्वच्छता रखना शामिल हैं । प्रतिरक्षा (immunity) को बढ़ाने वाले आहार और गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। यह सब समुदाय और समुदाय के नेताओं के सक्रिय समर्थन से ही संभव होगा और इस बात को ध्यान में रखकर ही पंचायत कोविड (COVID) जागरूकता एवं प्रबंधन समितियां बनाई गई हैं।

मैं आपसे और आपकी समिति से आग्रह करूंगा कि वह ऐसे व्यक्ति की पहचान करने में मदद करें जिसने हाल के दिनों में विदेश या देश के भीतर यात्रा की हो । सरकार/स्वास्थ्य एजेंसियों के उस तक पहुँचने से पहले ही स्थानीय लोगों को ऐसे व्यक्ति को अलग–थलग करने/संगरोध (quarantine) करने के लिए तमाम कदम उठाने चाहिएं। समिति को घर संगरोध (home quarantine) मे रखे गये सभी लोगों की निगरानी करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्देशों का उल्लंघन ना हो । किसी भी हालत में सामाजिक और धार्मिक समारोहों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। लॉकडाउन हटाए जाने के बाद भी, सामाजिक दूरी बनाए रखने और अधिकतम संभव सीमा तक घर पर रहने का प्रयास करना होगा। मास्क लगाने और साबुन के साथ लगातार हाथ धोने को बढ़ावा दें। अपनी पंचायत में किसी भी निवासी में बीमारी के लक्षण विकसित होने पर, संगरोध (quarantine) सुनिश्चित करें और स्वास्थ्य एजेंसियों को तुरंत सूचित करें।

जहाँ सरकारी तंत्र समस्या की व्यापक्ता को देखते हुए चौबीसों घंटे काम कर रहा है, वहीं समुदाय को भी अपने बुजुर्गों, विकलांगों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और समाज के अन्य कमजोर वर्गों की देखभाल के लिए आगे आना होगा । मैं इस बीमारी से निपटने में पूरे समुदाय की भागीदारी चाहता हूं ।

जम्मू व कश्मीर को सुरक्षित और स्वस्थ रखने में आपके सक्रिय समर्थन और नेतृत्व की आशा करता हूँ।

गिरीश चंद्र मुर्मु
उप राज्यपाल
केंद्र शासित प्रदेश, जम्मू व कश्मीर